



**क्या** आपके बच्चों के टेढ़े-मेढ़े दाँतों ने आपको बड़ी उलझन या चिन्ता में डाल रखा है?

**क्या** आपके बच्चों के टेढ़े-मेढ़े दाँतों के कारण उन्हें स्कूल, कॉलेज या पार्टी में शर्मिन्दगी महसूस करनी पड़ती है?

**क्या** आपके बच्चे की खोई हुई सुन्दर मुस्कान उसकी प्रगति में बाधा तो नहीं बन रही?

**कहीं** आपके बच्चे टेढ़े-मेढ़े दाँतों की वजह से अच्छी कम्पनियों में प्लेसमेंट के अवसर खो तो नहीं रहे हैं?

**क्या** टेढ़े-मेढ़े दाँतों की वजह से आपके बच्चे की सगाई या शादी में अड़चन आ रही है?

©Dr.Bothra's SDC

अगर आपका बच्चा ऐसी किसी भी परिस्थिति से गुजर रहा है, तो उसे जल्दी ही **ऑर्थोडोन्टिक उपचार (ब्रेसेस)** की जरूरत है।

जानिये!

# ऑर्थोडोन्टिक उपचार के बारे में

## ऑर्थोडोन्टिक
### उपचार क्या है?

टेढ़े-मेढ़े दाँतों को ब्रेसेस और तार लगा कर सीधा करने की तकनीक को **ऑर्थोडोन्टिक्स** कहते हैं। 'यह विज्ञान एवं कला है जिसके द्वारा दाँतों एवं जबड़ों को सीधा किया जाता है एवं एक लेवल में लाया जाता है।' डेन्टिस्ट जो इस विज्ञान में उच्च उपाधि प्राप्त करते हैं, उन्हें **ऑर्थोडोन्टिस्ट** कहा जाता है।

## सिर्फ ऑर्थोडोन्टिस्ट
### ही क्यों, इस उपचार के लिए?

क्योंकि ऑर्थोडोन्टिस्ट टेढ़े-मेढ़े दाँतों एवं जबड़ों के उपचार में उच्च शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। सभी डेन्टिस्ट ऑर्थोडोन्टिस्ट नही होते हैं, इसलिए आप के लिए यह जरूरी है कि आप केवल एक ऑर्थोडोन्टिस्ट से ही अपने बच्चों के टेढ़े-मेढ़े दाँतों एवं जबड़ों का इलाज करवायें। ऑर्थोडोन्टिस्ट को इस विज्ञान में महारत हासिल होती है एवं जिन्हें **B.D.S.** के बाद 3 वर्ष की उच्च शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्राप्त करने पर **M.D.S.** की डिग्री डेंटल कांउसिल ऑफ इण्डिया द्वारा प्रदान की जाती है।

©Dr.Bothra's SDC

## ऑर्थोडोन्टिक उपचार
### किसको चाहिए?

ऑथोडोन्टिक उपचार हर उस बच्चे एवं व्यक्ति को चाहिए, जिनके दाँत टेढ़े-मेढ़े हों, जिनके दाँतों में जगह हों, जिनके दाँत बहुत बाहर आये हुए हों या जिनके दाँत बहुत अन्दर गये हुए हों। इनके अलावा जिनके जबड़े की साईज बड़ी या छोटी हो, जिनके जबड़े के ज्वाईन्ट में दर्द हो तथा उन मरीजों के लिए जिनको कटे होंठ या तालू की तकलीफ हो।

## ऑर्थोडोन्टिक उपचार
### का क्या फायदा?

ऑथोडोन्टिक उपचार आपके बच्चों के दाँतों को सीधा करके उनके चेहरे की सुन्दरता को निखारता है तथा आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ ही उनकी खोई हुई मुस्कान को वापस लौटाता है। उनके अन्दर आगे बढ़ने की भावनाओं को नया आयाम देता है।

## उपचार किस उम्र में
### प्रारम्भ हो?

इस प्रश्न का सिर्फ एक जवाब मुश्किल है, क्योंकि टेढ़े-मेढ़े दाँतों एवं जबड़ों की खराबी को ठीक करने का अपना एक समय होता है। इसलिए बच्चों को **8-16 वर्ष** की उम्र में ही ऑर्थोडोन्टिस्ट के पास ले जाना चाहिए। बहुत बच्चों में जल्दी आरम्भ किया गया उपचार अच्छे परिणाम देता है जो कि शायद देरी से उपचार करवाने पर संभव ना हो सके, क्योंकि उस समय तक बच्चों का पूर्ण विकास हो जाता है।

©Dr.Bothra's SDC

## क्या वयस्कों में
### यह उपचार सम्भव है?

ऑथोडोन्टिक उपचार किसी भी उम्र में सम्भव है लेकिन यह उपचार मसूड़ों तथा दाँतों की हड्डी की स्थिति पर निर्भर करता है। बड़ी उम्र के लोगों में उपचार में थोड़ा ज्यादा समय लगता है।



उपचार से पहले

उपचार के बाद





## ब्रेसेस (Braces)
### क्या है?

ब्रेसेस इस उपचार का मुख्य आधार है। ये स्टील/सिरामिक/गोल्ड के बने होते हैं तथा इन्हें दाँतों पर चिपकाया जाता है। इनका आकार बहुत ही छोटा तथा आकर्षक होता है। सारे दाँतों पर ब्रेसेस लगाने के बाद इन पर तारबंदी होती है। आज नई तकनीक के ऐसे ब्रेसेस भी उपलब्ध हैं जो अदृश्य होते हैं। इनको दाँतों के अन्दर की तरफ लगाया जाता है। इससे उपचार तो होता ही है साथ ही किसी अन्य व्यक्ति को ब्रेसेस लगे होने के बारे में पता भी नहीं चलता।

©Dr.Bothra's SDC

## क्या यह उपचार
### दर्द भरा होता है?

वैसे तो इस उपचार में दर्द नहीं होता, लेकिन कभी–कभी ब्रेसेस लगाने के बाद मामूली सा दर्द 2-3 दिन तक रहता है। ऑर्थोडोन्टिक उपचार में नई तकनीक आने के कारण उपचार के दौरान होने वाली तकलीफ को काफी कम कर दिया गया है।

## क्या खान-पान का
### ध्यान रखना पड़ता है?

जी हाँ! बच्चों को खासकर चॉकलेट का सेवन बंद करना पड़ता है। कठोर वस्तु जैसे चिक्की, मांसाहार, सुपारी, अखरोट, भुट्टा आदि का सेवन नहीं करना चाहिए, क्योंकि ये सारी वस्तुएँ आपके ब्रेसेस को ढ़ीला कर सकती है या तोड़ भी सकती है जिसकी वजह से आपके उपचार में ज्यादा समय भी लग सकता है।

## उपचार का
### कुल समय...

वैसे तो उपचार का समय दाँतों की स्थिति पर निर्भर करता है लेकिन ज्यादातर पेसेन्ट्स में यह उपचार एक से दो वर्ष के भीतर समाप्त हो जाता है। उपचार का कुल समय पेसेन्ट के सहयोग पर निर्भर करता है।

## उपचार के दौरान
### कब–कब आना होता है?

आरम्भ में एक सप्ताह में 2-3 बार आना पड़ता है क्योंकि इस समय सारे ब्रेसेस और तार लगते हैं। इसके बाद माह में केवल एक बार चैकअप के लिए आना पड़ता है।

©Dr.Bethra's SDC

## अगर समय पर चैकअप
### ना करा सकें, तो?

इस स्थिति में आपके अपने डेन्ट्स्टि या ऑर्थोडोन्टिस्ट को एक या दो दिन पहले इत्तला करना पड़ेगा तथा नहीं आने की स्थिति में फोन पर उचित सलाह लेवें।






उपचार के लिए अपने शहर के या नजदीकी ऑर्थोडोन्टिस्ट का ही चुनाव करें, क्योंकि उपचार के दौरान अगर ब्रेसेस या तार टुट जाये तो आपका उपचार उसी समय रूक जाता है तथा दाँतों के पुरानी स्थिति में जाने की सम्भावना रहती है।

***For Appointment Call- 9829175300***


**टेढ़े-मेढ़े दाँतों को सीधा करने के पश्चिमी राजस्थान के अनुभवी विशेषज्ञ (M.D.S.)**

**डॉ. जितेन्द्र बोथरा**
B.D.S., M.D.S. (ORTHODONTIST)

**डॉ. कविता बोथरा**
B.D.S., (DENTAL SURGEON)

Dr. BOTHRA's
SMILE
DESIGNING CENTER
*Bringing life to your smile...*

SHUBHAM HOSPITAL, B-59,
Kamla Nehru Nagar Ext.-1, JODHPUR-342 008
Tel.: 0291-2752451, 2752452
E-mail : dentistjodhpur1@gmail.com

**स्पेशियालिटी**
- दाँतों के सभी रोगों का ईलाज।
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों को सीधा करना।
- अदृश्य ब्रेसेस लगाना।
- स्माईल डिजायनिंग।
- रूट केनाल, बत्तीसी।

360° SMILE Solutions

समय : 10 से 1 बजे • 5 से 8 बजे
रविवार-By appointment